पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राजभवन से 'निःशुल्क एच0पी0वी0' टीकाकरण व सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

——————

संस्थान सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता हेतु कार्यक्रम ग्रामीण स्तर तक चलाएं

——————

माता–पिता अपनी बच्चियों के खान–पान में बचपन से ही विशेष ध्यान दें

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

जागरूकता अभियान से सर्वाइकल कैंसर से बचाव सम्भव – अमित मोहन प्रसाद

—————

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बच्चियों का टीकाकरण अत्यन्त जरूरी – डा0 सोनिया नित्यानन्द

——————

लखनऊः 07 मार्च, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन, लखनऊ में डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा एकम फाउण्डेशन, मुम्बई के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं रोकथाम विषयक अभियान का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजभवन में आवासित परिवारों की 200 बच्चियों एवं महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच0पी0वी0 टीका लगाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि आज हमारे पास विभिन्न रोगों से बचाव के लिए दवाएं एवं वैक्सीन उपलब्ध हैं, जिनसे हम विभिन्न जानलेवा बीमारियों से अपना

बचाव कर सकते हैं। इसलिए हर परिवार को विभिन्न वैक्सीन की जानकारी होनी चाहिये और ये तभी सम्भव है जब इसके लिये ग्रामीण स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाये।

राज्यपाल जी ने कहा कि माता–पिता को चाहिये कि वे अपनी बच्चियों के खान–पान में बचपन से ही विशेष ध्यान दें, उन्हें पौष्टिक आहार दें तथा बेटा–बेटी में किसी प्रकार का भेद न करें। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को व्यक्तिगत स्वच्छता, घर की स्वच्छता, पास–पड़ोस की स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देना चाहिये, क्योंकि गन्दगी के कारण अनेक बीमारियां फैलती है। राज्यपाल जी ने सर्वाइकल कैंसर की चर्चा करते हुये कहा कि किसी भी बच्ची या महिला को किसी भी प्रकार के असामान्य लक्ष्य दिखाई दें तो उन्हें गम्भीरता से लेते हुये तत्काल जांच करानी चाहिए। ऐसा करने से हम भविष्य की गम्भीर बीमारियों से बचे रह सकते हैं, इसलिये सभी बीमारियां खासकर सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलानी चाहिये।

राज्यपाल जी ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा ले रहे संस्थान के विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न बीमारियों तथा उनके सुरक्षात्मक उपाय के संबंध में जानकारी देने हेतु भेजना चाहिये, ताकि बच्चे एवं महिलाएं गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक हो और वे पी.एच.सी. व सी.एच.सी. तक अपनी जांच के लिये पहुंचे।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की ये अनूठी पहल है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिये गम्भीर समस्या है। लेकिन वैक्सीनेशन से इसके बढ़ते प्रभाव को रोका जा सकता है। इसलिये प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है कि एच0पी0वी0 टीका को भी नियमित टीकाकरण अभियान में शामिल कर लिया जाये, क्योंकि यह टीका अधिक मंहगा होने के कारण सामान्य–जन की पहुंच से दूर है। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान में कम उम्र में ही इस बीमारी की पहचान हो जाने से जीवन आसानी से बचाया जा सकता है।

डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की निदेशक प्रो0 सोनिया नित्यानन्द ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे देश की किशोरियों के स्वास्थ्य के लिये राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। आज के इस टीकाकरण अभियान से हम अपनी बच्चियों को उन्हें भविष्य में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान कर सकेंगे।

निदेशक डा0 सोनिया नित्यानन्द ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण कम उम्र में विवाह, 2 से अधिक बच्चे, मासिक धर्म में अनियमितता, धूम्रपान एवं कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं में कैंसर द्वारा मौत की बढ़ती दरों का प्रमुख कारण सर्वाइकल कैंसर है। इसलिए इससे बचाव के लिए बच्चियों का टीकाकरण अत्यन्त जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह टीका किशोरियों को 9 से 18 वर्ष के बीच लगाया जाता है। हमारे अभिभावकों को इस टीके से डरने की जरूरत नहीं है। इस वैक्सीन का किसी भी तरह का साइड इफे्क्ट नहीं है। लेकिन यह हमारी बच्चियों को भविष्य में होनी वाली घातक कैंसर जैसी बीमारी से सुरक्षा प्रदान करता है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने पुस्तक "सर्वाइकल कैंसर और एच.पी.वी. टीकाकरण–तथ्य एवं जानकारी" का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री आलोक कुमार, जिलाधिकारी लखनऊ श्री अभिषेक प्रकाश, डा0 नीतू सिंह तथा बड़ी संख्या में बच्चियां तथा उनके अभिभावक मौजूद थे।

———–

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (167/21)
सम्पर्क सूत्र
9453005360

डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान

"आओ हम किशोरियां एच.पी.वी. का टीका लगवायें,
प्रदेश व देश को सर्वाइकल कैंसर से मुक्त बनायें"
माननीय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से
डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान
द्वारा आयोजित
"निःशुल्क एच.पी.वी. टीकाकरण व सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर"
दिन सोमवार, दिनांक 7 मार्च 2022 समय : प्रातः 10:00 बजे
कार्यक्रम स्थल : राजभवन, लखनऊ